**Regarding need for railway line linking Ujjain and Jhalawar to benefit the farmers**

श्री दुष्यंत सिंह **(झालावाड़-बारां) :** मैडम, आपने बोलने के लिए अलाऊ किया, मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मैं राजस्थान के झालावाड़-बारां से जीतकर आया हूं । मुझे वहां के लोगों ने मतदान दिया है और पांचवीं बार मुझे वहां से चुनकर भेजा है । एक उज्जैन टू झालावाड़ रेल लाइन है, जिसका सर्वे हो चुका है । यह ट्रेन लाइन बनने के लिए है ।

मैं माननीय रेल मंत्री से आग्रह करता हूं कि इसके द्वारा उज्जैन जाने की अच्छी सुविधा मिल जाएगी । मध्य प्रदेश का एक लिंक श्योपुर है, वह बारां से जुड़ जाएगा । बारां और श्योपुर का लिंक होगा तथा उज्जैन और झालावाड़ का लिंक होगा । इससे हमारे यहां के किसान वर्ग को अच्छी तरह से आने-जाने में सुविधा होगी । इसके द्वारा उज्जैन में ज्योर्तिलिंग जाने का भी एक अच्छा अवसर मिलेगा।